ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 21-01-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-01-21 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-01-22	2022-01-23	2022-01-24	2022-01-25	2022-01-26
वर्षा (मिमी)	0.0	10.0	15.0	10.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	20.0	17.0	14.0	14.0	14.0
न्यूनतम तापमान(से.)	8.0	10.0	10.0	9.0	7.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	90	95	95	90	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	55	55	60	60	55
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	12.0	12.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	100	120	120	120	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	6	6	2	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (14 – 20 जनवरी, 2022) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान में मध्यम से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 12.0 से 17.6 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 7.4 से 10.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 88 से 96 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 75 से 93 प्रतिशत एवं हवा 3.0 से 5.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम व पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, 22 से 24 जनवरी को हल्की वर्षा होने की सम्भावना है । अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 14.0 से 20.0 व 7.0 से 10.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-12.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। 23 जनवरी को को कहीं-कहीं ओलावृष्टि और गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी है। ईआरएफएस के अनुसार, 26 जनवरी से 1 फरवरी के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम , अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमशः सामान्य व सामान्य से कम रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| वर्तमान मौसम की स्थिति स्क्लेरोटिनियल रॉट के लिए अत्यधिक अनुकूल हैं। यह किसी भी फसल के पौधों में, फूली हुई रोएदार वृद्धि जैसा, दिखाई दे सकता है, जिससे पौधे सूख जाते हैं। इसलिए संक्रमित पौधों को हटाकर जला देना चाहिए। रसायनों का छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें।

लघु संदेश सलाहकार:

22 से 24 जनवरी को हल्की वर्षा होने की सम्भावना है । 23 जनवरी को को कहीं-कहीं ओलावृष्टि और गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी है। खेत मे जल निकासी की उचित व्यवस्था बनाए रखें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	गेहूँ की फसल मे पीला रतुवा रोग का प्रकोप दिखाई पड़ने पर प्रोपीकोनाजोल 25 ई0 सी0 का 1 मिली/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें।
सरसों	वर्तमान मौसम की स्थिति स्क्लेरोटिनियल सड़ान्ध के लिए अत्यधिक अनुकूल हैं। सरसों में स्क्लेरोटिनिया सड़ांध दिखाई देने पर, संक्रमित पौधे को हटाकर जला दें और कार्बेन्डाजिम का 1 ग्राम/लीटर पानी की दर से छिड़काव मौसम साफ होने पर करें।
चना	खेत में अतिरिक्त पानी के निकास की उचित व्यवस्था बनाए रखें।
लहसुन	खेत में अतिरिक्त पानी के निकास की उचित व्यवस्था बनाए रखें।
जौ	फसल मे पीला रतुवा रोग का प्रकोप दिखाई पड़ने पर प्रोपीकोनाजोल 25 ई0 सी0 का 1 मिली/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	पकी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रख दें। खेत में अतिरिक्त पानी की निकासी को बनाए रखें। अगर फसल के पौधों में, फूली हुई रोएदार वृद्धि जैसा, दिखाई दे तथा पौधे सूख रहे हो तो यह स्क्लेरोटिनियल सड़ान्ध है। अतः संक्रमित पौधे को हटाकर जला दें। पछेती झुलसा का प्रकोप होने पर, मैनकोजेब 64% + सायमोक्सैनिल 8% डब्ल्यूपी का 2.5 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव मौसम साफ होने पर करें।
आलू	पकी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रख दें। आलू में पछेती झुलसा का प्रकोप होने पर, मैनकोजेब 64% + सायमोक्सैनिल 8% डब्ल्यूपी का 2.5 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव मौसम साफ होने पर करें।
मिर्च	आगामी दिनों में वर्षा होने का अनुमान है इसलिए पत्तियों के पीले होने की संभावना है। किसानों को सलाह दी जाती है कि खेत में अतिरिक्त पानी की निकासी को बनाए रखें।
आम	आगामी मौसम को देखते हुए अभी नये बागों में सिंचाई न करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	इस मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओं की आवास व्यवस्था को सुदृढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें। पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए बिना पानी में मिलाए ही गुड़ के साथ अजवाइन का सेवन कराना चाहिए। यह उन्हें गर्मी और ऊर्जा देता है।
गाय	इस मौसम में नवजात पशुओं में निमोनिया की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए पशुओं की आवास व्यवस्था को सुदृढ़ करें व आहार में गर्म चीजें दें। पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए बिना पानी में मिलाए ही गुड़ के साथ अजवाइन का सेवन कराना चाहिए। यह उन्हें गर्मी और ऊर्जा देता है।